



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## अक्टूबर–2021

*अन्दर के पृष्ठों पर........*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर कोविड-19

- दिनांक 08.09.2021: कोविड–19 महामारी से बचाव हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कार्मिकों के परिजनों के लिये कोविड टीकाकरण हेतु चतुर्थ टीकाकरण कैम्प उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी, कोविड वैक्सीनेशन, लखनऊ के सौजन्य से आयोजित किया गया जिसमें 197 परिजनों को ''कोवीशील्ड वैक्सीन'' के टीके लगाये गये। 55 परिजनों को टीके की प्रथम डोज़ व 132 परिजनों को टीके की द्वितीय डोज़ लगायी गयी। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कोविड–19 संक्रमण के आरटी–पीसीआर परीक्षण एवं टीकाकरण का कार्य किया। इस दौरान उ0प्र0 शासन द्वारा कोविड से बचाव तथा कोविड वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में जारी प्रोटोकॉल का पालन कराया गया।









## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर श्री विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम

- दिनांक 17.09.2021 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय स्थिति केन्द्रीय कर्मशाला में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रातःकाल श्री विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेडियो निरीक्षकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अन्त में सभी को प्रसाद वितरण तथा प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पूजा के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का ध्यान रखा गया।





## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | |
| 11.09.2021 | प्रयागराज |
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 14.09.2021 | अलीगढ़ |
| मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश | |
| 14.09.2021 | आगरा |
| 13.09.2021 | अलीगढ़, आगरा |
| 12.09.2021 | कासगंज |
| 03.09.2021 | मैनपुरी, इटावा |
| 01.09.2021 | कासगंज, एटा |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 29.09.2021 | सीतापुर |
| 24.09.2021 | महराजगंज |
| 22.09.2021 | अमरोहा, गौतमबुद्धनगर |
| 21.09.2021 | सम्भल |
| 20.09.2021 | गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी |
| 19.09.2021 | वाराणसी |
| 18.09.2021 | गोरखपुर |
| 17.09.2021 | गोरखपुर |
| 14.09.2021 | आगरा, अलीगढ़ |
| 13.09.2021 | आगरा, अलीगढ़, गोरखपुर |
| 12.09.2021 | गोरखपुर, सन्तकबीरनगर, कुशीनगर, कासगंज |
| 08.09.2021 | गोरखपुर, अलीगढ़ |
| 05.09.2021 | वाराणसी |
| 04.09.2021 | सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, गोरखपुर |
| 03.09.2021 | बलरामपुर, गोण्डा, अलीगढ़, आगरा |
| मा0 उप मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 24.09.2021 | गाजीपुर |
| 13.09.2021 | अलीगढ़, आगरा |
| 08.09.2021 | अलीगढ़ |

- दिनांक 07.09.2021 को डीसीआर, हमीरपुर पर समय 21.09 बजे आरओआईपी से ग्राम–अकोना, थाना–राठ के हाईवे पर पलटे ट्रक के नीचे एक व्यक्ति के दबे होने की सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटी पर तैनात प्रधान परिचालक 4441 चरन सिंह द्वारा तत्काल मौके पर पुलिस बल व पीआरवी को भेजा गया। फलतः घायल व्यक्ति को निकालकर सीएचसी राठ में भर्ती कराया जा सका और उसकी जान बच गयी।

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–निर्देश–2021 दिनांक 27.09.021 द्वारा अपर मुख्य सचिव, गृह (पुलिस) अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्याः 1341पी/छः–3–21–64पी/2021 दिनांक 23.09.2021 में अंकित मा0 उच्च न्यायालय, प्रयागराज व खण्डपीठ लखनऊ तथा उ0प्र0 सचिवालय के समस्त अधिकरियों/कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किये जाने एवं उनसे सम्बन्धित प्रकरणों में व्यक्तिगत रूचि लेकर संवेदनशीलता एवं उदारतापूर्वक समयबद्ध निस्तारण कराये जाने की अपेक्षानुसार कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–12(01)/2021 दिनांक 25.09.2021 में प्रदत्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 27.09.2021 को समय 04.00 बजे आयोजित Online awarness and training workshop on "Sudden cardiac arrest and Cardio Pulmonary Resuscitation (CPR) का Realtime प्रदर्शन प्रशिक्षण केन्द्र में रेडियो कार्मिकों हेतु कराया गया। वेबिनार का Keynote addresss पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा प्रस्तुत किया गया। वेबिनार में डॉ0 आदित्य कपूर, विभागाध्यक्ष, Cardiology, SGPGI, डॉ0 सुधांशु द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, Cardiology, KGMU, डॉ0 सुमया राघवन व डॉ0 आनन्द श्रीवास्तव ने हार्ट अटैक व कार्डियेक अरेस्ट के लक्षण स्पष्ट किये जो निम्नवत हैं–

| Heart Attack | Cardiac arrest |
|---|---|
| Chest pain, Back/ Left shoulder pain, Nausia, Tiredness, Weakness, Beathlessness | Sudden collapse, Unconscious, No breathing, No pulse |

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि Cardiac arrest या तत्काल दिल की धड़कन बन्द हो जाने पर व्यक्ति को तुरन्त CPR (100 to 120 compressions/minute with Approx. 5 Cm depth) देना शुरु कर देना चाहिये अन्यथा 3 मिनट में मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी से उसका शरीर कोमा में चला जाता है और 10 मिनट में मृत्यु हो जाती है। CPR प्रारम्भ करते ही अन्य व्यक्ति की मदद से तत्काल कार्डियेक एम्बुलेन्स बुलानी चाहिये। एम्बुलेन्स आने या व्यक्ति के होश में आने या AED (Automated external defbrillators), जिसे Shock Machine भी कहते हैं, लगाने तक CPR देते रहना चाहिये। Cardiac arrest शरीर की बहुत ही गम्भीर स्थिति होती है।

- अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः डीजी–आठ–80 (25) 2021 दिनांक 15.09.2021 द्वारा SVEEP for Special Summary Revision of Photo Electrol Rolls with Reference to I[st] January, 2022 as the qualify date विषयक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः 1032/सीईओ–4–23/4–2018 दिनांक 03.09.2021 में अंकित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामांवलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता हेतु की जाने वाली गतिविधियों से सम्बन्धित विस्तृत दिशा–निर्देशों का अनुपालन कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

## पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एम–64/2021(मिस) दिनांक 24.09.2021 द्वारा "उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग में सेवारत कतिपय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने स्थानान्तरण एवं अन्य सेवा सम्बन्धी प्रकरणों के सम्बन्ध में अपने कुटुम्ब के सदस्यों यथा माता–पिता एवं पत्नी आदि को कार्यालयों में भेजकर उनके माध्यम से सिफारिश कराये जाने" के सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली–1556 के नियम–27 व नियम–27क में दिये गये प्राविधानों के सम्बन्ध में सर्वसम्बन्धित से अपने–अपने पर्यवेक्षणाधीन कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराये जाने का अनुरोध किया गया है एवं यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी की सेवा सम्बन्धी समस्या/कठिनाई का निराकरण उसके द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन के उपरान्त नहीं होता है, तो ऐसी दशा में आवश्यकतानुसार सम्बन्धित कर्मी द्वारा अपनी समस्या/कठिनाई के निराकरण हेतु सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्या/कठिनाई को प्रस्तुत कर सकने हेतु भी अवगत कराया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/एडीजी–1/2021 दिनांक 21.09.2021 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय में नियुक्त निम्न राजपत्रित अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन निम्नवत किया गया है–

| अधिकारी का नाम व पद | पूर्व आवंटित कार्य | वर्तमान में आवंटित कार्य |
|---|---|---|
| श्री राम कृष्ण द्विवेदी, सहायक रेडियो अधिकारी | प्रशिक्षण | प्रशासन |
| श्री ब्रजेन्द्र भारद्वाज, सहायक रेडियो अधिकारी | प्रशासन | प्रशिक्षण |

## अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार का भ्रमण कार्यक्रम

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्रांक: सीए/एडीजी–11/2021 दिनांक 17.09.2021 द्वारा झाँसी व परिक्षेत्र के समस्त जनपदों के प्रभारी रेडियो अधिकारियों के साथ पुलिस संचार इकाइयों की समीक्षा/सम्मेलन दिनांक 18 .09.2021 को किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में सितम्बर–2021 में 231 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से सितम्बर–2021 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर) हुए निम्न 10 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री राज कुमार सिंह, गाज़ियाबाद, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रमन लाल गौतम, गौतमबुद्धनगर, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लखपति, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री चन्द्र भूषण सिंह, प्रयागराज, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, औरैया, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सलीमुद्दीन सिद्दिकी, जालौन, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री फिरासत हुसैन खाँ, बरेली, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रविकान्त पाण्डेय, लखनऊ, 9. प्रधान परिचालक/1168 श्रीमती गजना पुण्डीर, मुज़फ्फरनगर, एवं 10. प्रधान परिचालक (यॉन्त्रिक)/4777 श्री सुनील कुमार भटनागर, लखनऊ।

## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

- कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय: पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों के सेनेटाइज़ेशन व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

- पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 13.09.2021 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

## श्रद्धांजलि



- माह सितम्बर–2021 में पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ स्थित प्रशासनिक शाखा में नियुक्त सन्देशवाहक, श्री आलोक कपूर का दिनांक 16.09.2021 को असामयिक निधन हो गया है।

उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्री कपूर के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिवारीजन को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग–2)

## स्वतंत्रता से पूर्व उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार

- सन् 1937 में घोषित यूनाइटेड प्राविन्सेज़ में सन् 1938 में हरिद्वार में कुम्भ मेले के आयोजन के दौरान एक मोबाइल वायरलेस सेट को हाथी की पींठ पर रखकर तथा एक सेट मेला क्षेत्र के कन्ट्रोल रुम में रखकर, श्रद्धालुओं के संचरण एवं भीड़ नियंत्रण हेतु, संचार व्यवस्था के परीक्षण का कार्य भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी, श्री ई0डब्ल्यू0 हण्ट, जो उस समय सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक थे, के द्वारा किया गया। यह प्रयोग सफल रहा।



- श्री हण्ट द्वारा स्थापित किया गया यह संचार, भारत में पुलिस हेतु स्थापित किया गया, प्रथम वायरलेस संचार था।
- सन् 1940 में "पुलिस वायरलेस टेलीग्राफी सेक्शन" की कल्पना "यूनाइटेड प्राविन्सेज़ मिलिट्री पुलिस फोर्स" की शाखा के तौर पर की गयी थी जो Sir Hugh Inglis, IP, IG of Police, United Provinces, Lucknow द्वारा सरकार के गृह सचिव को प्रेषित पत्र दिनांक 05.05.1942 के निम्न उद्धरण से स्पष्ट है– "The present wireless telegraphy section was conceived as a branch of U.P. Military Police force which was created in 1940"
- श्री हण्ट के प्रयासों से संतुष्ट होकर तत्कालीन सरकार ने, सन् 1941 में सीतापुर, लखनऊ तथा मुरादाबाद के लिये तीन वायरलेस स्टेशन प्रायोगिक तौर पर स्वीकृत किये। इन केन्द्रों से सन्देश प्रसारण का प्रयोग भी सफल रहा। इस प्रयास की सफलता से प्रभावित होकर सरकार ने पुलिस रेडियो सेक्शन को नियमित तौर पर संचालित करने की अनुमति प्रदान की तथा सेक्शन का मुख्यालय सीतापुर में बनाया गया।
- 05 मई सन् 1942 से पूर्व प्रायोगिक तौर पर संचार व्यवस्था हेतु 01 पुलिस अधीक्षक एवं 24 अण्डर ऑफीसर की स्वीकृति हुई।
- Sir Hugh Inglis, IP, IG of Police,

Provinces, Liucknow द्वारा सरकार के गृह सचिव को प्रेषित पत्र दिनांक 05.05.1942 में वायरलेस टेलीग्राफी सेक्शन के कार्यक्षेत्र के विस्तार सम्बन्धी निम्न सुझाव व्यक्त किये गये–"I suggest that the general scope of the W/T section be defined as":-

(I) The establishment of a W/T grid capable of maintaining telegraphic communication in every direction over the whole area of the United Provinces.

(II) The establishment of a secondary grid capable of maintaining inter district communications and of linking up with the provincial grid.

(III) The establishment of local sub sections equipped with short range portable sets for use in local operations such as major festivals, urban or agrarian riots and dacoity patrols."

- सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान कानून एवं व्यवस्था की विषम स्थितियों पर नियंत्रण रखने हेतु इलाहाबाद, कानपुर एवं वाराणसी में भी रेडियो केन्द्र स्थापित किये गये। इसी दौरान एक मोबाइल रेडियो केन्द्र बलिया में भी स्थापित किया गया।

भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।

–सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो में प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिकों का स्मरण

भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के अपने पूर्व अराजपत्रित साथियों का स्मरण करते हुए उनके द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो में मूलभूत व विभागीय पदोन्नति हेतु प्राप्त प्रशिक्षणों का बैचवार, नामवार एवं पदनामवार विवरण तैयार किया गया। साथ ही अन्य प्रदेशों के कार्मिकों को प्रदान किये प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्बन्धी विवरण भी तैयार किये गये हैं। ऐसे सभी प्रशिक्षणों का सारांश निम्नानुसार है–

| S.N. | Course | Duration of Course | No. of Batches/ Squads organised | Year of Training | No. of staff trained | Rank of trainees |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UP Police Radio personnel | | | |
| 1 | Radio Maintenance Officer | 10 Months for Direct recruitment<br>6 Months for Promoted employees | 26 (6th to 30(A) Batch) | From 1983 to 2012 | 588 | Radio Maintenence Officer |
| 2 | Radio Station Officer | 12 Months for Direct recruitment<br>6 Months for Promoted employees | 39 (15th to 53rd Batch) | From 1982 to 2013 | 1428 | Radio Station Officer |
| 3 | Master Trade Hand | 6 Months | 53 (1st to 53rd Batch) | From 1964 to 2021 | 1887 | Head Operator |
| 4 | Operator Grade-I | 4 Months | 93 (1st to 93rd Batch) | From 1948 to 2014 | 5213 | Head Operator |
| 5 | Operator Grade-II | 4 Months | 96 (1st to 96th Batch) | From 1948 to 2020 | 6744 | Assistant Operator |
| 6 | Operator Grade-III | 6 Months | 89 (1st to 89th Batch) | From 1940 to 2020 | 7418 | Apprentice (Assistant Operator)/ Workshop Hand |
| 7 | Work Shop Hand | 4 Months | 3(1st to 3rd Batch) | 2018-2021 | 14 | Workshop Hand |
| | | | Other state/departmental personnel | | | |
| | | | Manipur | | | |
| | Master Trade Hand | 6 Months | 9 | 1969-79 | 55 | - |
| | | | Andaman and Nikobar | | | |
| | Master Trade Hand | 6 Months | 1 | 1969-70 | 2 | - |
| | | | Goa | | | |
| | Master Trade Hand | 6 Months | 1 | 1970 | 2 | - |
| | | | UP State Electricity Board | | | |
| | Master Trade Hand | 6 Months | 1 | 1976-77 | 2 | - |
| | | | RPSF | | | |
| | Master Trade Hand | 6 Months | 1 | 2003 | 2 | - |
| | | | RPSF | | | |
| | Radio Telephony | 1 month | 6 | 2003 & 2009 | 129 | Constable/Head Constable |
| | | | Chhattisgarh | | | |
| | Operator Grade-III | 6 months | 2 | 2013 & 2014 | 120 | Constable |
| | | | Mizoram | | | |
| | Operator Grade-III | 6 months | 1 | 1973-74 | 20 | |

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।